>

Title: Regarding damages caused by mining activities in Bhilwara district of Rajasthan -laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में लौह अयस्क खनन के लिए भारत सरकार द्वारा भूमि आबंटित की गई है, जिस पर लम्बे समय से खनन कार्य किया जा रहा है । जिला मुख्यालय के उपनगर पुर में खनन के लिए किये जा रहे विस्फोटकों से हजारों आवासीय भवनों एवं धार्मिक भवन क्षतिग्रस्त हो गये हैं । पुर वासियों में इस विषय को लेकर भारी आक्रोश है तथा इसके खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं । मेरा सरकार से आग्रह है कि तत्काल विस्फोटों को रोका जाये तथा जो भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी मरम्मत खननकर्ता द्वारा की जाये । खननकर्ता का पट्टा निरस्त करके खनन को रोका जाये अन्यथा भविष्य में । खनन के लिए किये जा रहे अवैध विस्फोटों से जन-हानि की होने की संभावना है ।